

# नवागत पुलिस अधीक्षक ने पदभार संभाला, कोतवाली का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 7 मई।** गुरुवार को नवागत पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खण्डेलवाल (भा.पु.से.) द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दतिया में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया गया। कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

नवागत पुलिस अधीक्षक मयूर खण्डेलवाल ने गुरुवार को पीतांबरा माई की पूजा अर्चना के बाद दतिया पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने थाना कोतवाली का औचक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने रिकॉर्ड, संसाधनों, उपकरणों के रखरखाव, भवन एवं परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। थाना प्रभारी एवं बीट प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उनके साथ एडिशनल एसपी सुनील शिवहरे, एसडीओपी आकांक्षा जैन एवं कोतवाली टीआई धीरेंद्र मिश्रा भी साथ रहे। श्री खण्डेलवाल ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि वे जिले के लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए प्रतिबद्ध है वे जिले के लोगों के साथ मिलकर काम करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

## वित्त सेवा अधिकारी संघ के चुनाव की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी

**भोपाल, 7 मई.** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को मंत्रालय में मप्र. वित्त सेवा अधिकारी संघ की वेबसाइट लांच की. उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने वेबसाइट को राज्य के वित्त सेवा अधिकारियों एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया. इस दौरान उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी. उन्होंने इस पहल को नवाचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया. वित्त सेवा अधिकारी संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान ने जानकारी दी कि देश में पहली बार किसी अधिकारी/कर्मचारी संघ द्वारा चुनाव की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन की जा रही है.

# घनश्याम सिंह के नेतृत्व में हाईवे पर दतिया ने दिखाया दम




**एनएच पर कांग्रेस ने किया चक्का जाम**

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 7 मई।** मध्यप्रदेश में किसान परेशान नहीं हैं, किसानों को सरकार द्वारा ठगा गया हैं, किसानों के साथ लूट हुई हैं। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी पूरे एक महीने देरी से शुरू हुई, इसके बाद भी खरीदी केंद्रों पर किसानों को अव्यवस्थाओं का शिकार होना पड़ा। किसानों के साथ किए जा रहे अन्याय के विरोध में कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ किसानों के साथ खड़ी है। यह विचार मप्र कांग्रेस महासचिव एवं ग्वालियर ग्रामीण के संगठन प्रभारी सेंवढ़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने गुरुवार को ग्वालियर के रायरू में किसानों की समस्याओं को लेकर मप्र कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आयोजित चक्काजाम प्रदर्शन आंदोलन में उपस्थित किसानों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को संबोधित कर व्यक्त किए।

गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित निरावली चौराहा पर किसानों के साथ हो रहे अन्याय एवं किसान हितों की विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों के साथ चक्का जाम आंदोलन किया जिला इस अवसर पर जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी रामलखन दंडोतिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा विधानसभा प्रभारी दशरथ सिंह गुर्जर, सेवढ़ा विधानसभा प्रभारी योगेन्द्र तोमर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश नायक, संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर, रामकिंकर गुर्जर, रामकुमार मोंगिया, मुईन कुरैशी, उनाव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मन यादव, धर्मेन्द्र चौबे, काले खां, आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण करने दुर्गापुर पहुंचे कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 7 मई।** जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत 1 मई से 30 मई तक हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य घर-घर जाकर किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े ने ग्राम दुर्गापुर क्षेत्र का भ्रमण कर जनगणना कार्यों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वानखड़े ने प्रगणकों से चर्चा कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा सर्वे प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से भी संवाद किया और पूछा कि जनगणना कार्य के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या समस्या तो नहीं आ रही है। कलेक्टर ने प्रगणकों को निर्देश दिए कि वे पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक परिवार की सही एवं तथ्यात्मक जानकारी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े शासन की योजनाओं, संसाधनों के वितरण एवं विकास कार्यों की आधारशिला होते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को तकनीक आधारित बनाया गया है।

प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा दर्ज कर रहे हैं। सर्वे के दौरान परिवार के मुखिया का नाम, मकान की स्थिति उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं एवं परिसंपत्तियों से संबंधित 33 बिंदुओं पर जानकारी संकलित की जा रही है।



## तीन माह से वेतन नहीं, अस्पताल कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ी

**दतिया, 7 मई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भांडेर में कार्यरत कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिलने का मामला सामने आया है। लगातार वेतन रुके होने से कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि समय पर ड्यूटी करने के बावजूद उन्हें मेहनताना नहीं मिल पा रहा, जिससे परिवार का पालन-पोषण और रोजमर्रा के खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। बताया जा रहा है कि कई कर्मचारियों ने संबंधित अधिकारियों से वेतन जारी कराने की मांग भी की, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। कर्मचारियों में इस बात को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि अस्पताल में लगातार सेवाएं देने के बावजूद उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

# विद्युत विभाग के वर्षभर संपर्क अभियान को लेकर कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 7 मई।** कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संचालित वर्षभर संपर्क अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। यह अभियान च्आमजन को पहले सेवा तथा अनुशासन के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत गरीब, युवा, अन्नदाता/किसान एवं नारी शक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ विद्युत कंपनी की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया है।



संदीप अग्रवाल देखेंगे कार्य

जारी आदेश के अनुसार सभी ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक विद्युत विभाग द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार क्लस्टर शिविरों में उपस्थित रहेंगे तथा उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा कराने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में सहयोग भी करेंगे।

शहरी क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि राजस्व वसूली के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। वहीं पंचायत अमला उपभोक्ताओं के प्रमाणीकरण एवं स्थानीय समन्वय में विद्युत विभाग को पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा, जिससे हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके और विवादित बिलों का मौके पर समाधान किया जा सके। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जनपद पंचायत को अभियान की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के समन्वय के लिए सहायक प्रबंधक (समन्वयक) संदीप अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि शासन के राजस्व हितों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सीईओ जिला पंचायत ने उपार्जन केंद्र पंडोखर एवं चंद्रोल का किया निरीक्षण



**दतिया, 7 मई।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय कुमार तेम्रवाल द्वारा आज गुरूवार को गेहूं, चना उपार्जन केंद्र पंडोखर एवं चंद्रोल का निरीक्षण कर उपार्जन कार्य एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद किया तथा तौल व्यवस्था, भंडारण, परिवहन सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गेहूं उपार्जन कार्य शासन के निर्देशानुसार सुचारु रूप से संपादित किया जाए एवं किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने उपार्जन केन्द्र पर कृषकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की।

# भारतीय शिक्षा दर्शन एवं पंच परिवर्तन की जानकारी दी

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 7 मई।** विद्या भारती मध्यभारत प्रांत द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय नवीन आचार्य विकास वर्ग में ने भारतीय शिक्षा दर्शन, कौशल विकास एवं पंच परिवर्तन की जानकारी विस्तार से दी। वक्ताओं ने कहा कि भैया बहिनों के सर्वांगीण विकास में आचार्य दीदी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हम अपने विद्यालय को गांव का आदर्श विद्यालय बना सकते हैं। आचार्य का स्थान सबसे ऊपर है। आपने यहां जो कुछ भी सीखा है उसका क्रियान्वयन अपने विद्यालय में करना।



इंदरगढ़ के प्रधानाचार्य विजय शर्मा ने कार्यालयीन अभिलेख, छात्र अभिलेख और विद्यालय के विविध कार्यक्रम, उत्सव की जानकारी विस्तार से दी। आचार्य के गुण, व्यवहार और कर्तव्य बोध पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वदेशी विचार देश एवं व्यवहार पर चर्चा कर जानकारी दी। अतिथि स्वागत शिवप्रताप सिंह ठाकुर एवं पवन सिंह तोमर ने किया। अतिथि परिचय एवं कार्यक्रम का संचालन ग्वालियर जिला प्रमुख होकम सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष दुबे, सुनील श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य ऋषि कुमार पांडेय, अनिल शर्मा, उमाकांत जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर, भूपेन्द्र सिंह बघेल, ऊदल सिंह ठाकुर आदि कार्यकर्ता एवं सभी वर्गार्थी उपस्थित रहे।

## जाटव ने अजा आयोग में पदभार ग्रहण किया

**भोपाल, 7 मई.** मप्र राज्य अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव तथा सदस्य रामलाल मालवीय एवं बारेलाल अहिरवार ने बुधवार को आयोग में पदभार ग्रहण किया.

इस अवसर पर आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. गौतम टेटवाल, राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद महेंद्र सोलंकी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक विष्णु खत्री एवं निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# गोपियों के मनोभाव जान कर भगवान गोपियों के मध्य प्रकट हुए : शास्त्री

**नवभारत न्यूज**

**बसई, 7 मई।** ग्राम नयाखेड़ा लखेवावरी भोलेनाथ मंदिर पर भगवान भोलेनाथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ को विमान में बैठाकर मंदिर की परिक्रमा लगवाई गई। इसके बाद आयोजित श्रीमद्भागवत कथा को विस्तार देते हुए कथावाचक-पं. देवीलाल शास्त्री पिछोर ने रासलीला का की कथा सुननाई। उन्होंने रासलीला के मध्य गोपियों के अभिमान को मिटाने के लिये श्री कृष्ण, गोपियों के बीच से अंतर्ध्यान हो गए। श्री कृष्ण के विरह में गोपी गीत गाया और गोपी गीत के माध्यम से गोपियों के मनोभाव जानकर भगवान गोपियों के मध्य प्रकट हुए, फिर महारास हुआ। उन्होंने कहा कि



श्री कृष्ण ने अपने माता पिता देवकी, वसुदेव और नाना उग्रसेन जी को कंस के कारागृह से मुक्त कराया। उन्होंने श्री कृष्ण और रुक्मिणी का विवाह कथा के साथ-साथ झांकी के माध्यम से भी श्रोताओं को वर्णन किया। कथा स्थल पर विवाह गीत गाए गए, खूब नृत्य और संगीत हुआ।

मुख्य यजमान के साथ-साथ श्रोताओं ने भी वर-वधू के रूप में विराजित भगवान श्री कृष्ण और देवी रुक्मिणी का पूजन किया यजमान श्रीमती जामवती शिवनारायण, श्रीमती सुमित्रा प्राणसिंह लोधी के साथ पं. हरिकृष्ण शर्मा, पं. अशोक दुबे, पं. उमाशंकर दुबे, पं. पुरुषोत्तम नारायण शर्मा, पं. शैलेन्द्र शास्त्री, कल्लन, बद्रीप्रसाद, अमरसिंह, परमानंद, देवेन्द्र सिंह राजपूत, सुनील, अमित, धर्मेंद्र, मौजीलाल, पूरनसिंह, रोशन, कल्लू, नाथूराम पटेल, रामावतार लोधी, अभिषेक, सतेंद्र पटेल आदि मौजूद रहे।

# 5000 के इनामी आरोपी की गिरफ्तारी, हत्याकाण्ड में इस्तेमाल बुलेरो जब्त

**नवभारत न्यूज**

**सेंवढ़ा, 7 मई।** थाना लांच क्षेत्र के टोडा रमगढ़ा गांव में फरवरी माह में हुए चर्चित हत्या कांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 5000 रुपए के इनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेरो वाहन भी जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार 12 फरवरी 2026 को ग्राम रमगढ़ा निवासी अशोक शर्मा की आरोपियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के समय एक आरोपी बाबूजी उर्फ उत्तम निवासी बसीट को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए थे। घटना के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने थाना लांच का घेराव किया था।

इस दौरान एसडीओपी सेंवढ़ा सहित अन्य थानों के बल ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया था। मामले में थाना लांच में अपराध क्रमांक 7/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं सहित आर्म्स एक्ट के प्रावधानों में प्रकरण दर्ज किया गया था।

फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 5 मई 2026 को दतिया हाईवे से फरार आरोपी दीपु उर्फ दीपक यादव (35) निवासी बीसलपुरा, थाना पण्डोखर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 5000 रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद घटना में उपयोग की गई बुलेरो गाड़ी भी जब्त कर ली है।

## कई जिलों में आंधी और बारिश का दौर शुरू

**भोपाल, 7 मई.** मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में मौसम ने अचानक करवट बदल ली है. बुधवार को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही बनी रही. जिससे लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली.



वहीं मौसम विभाग के अनुसार बालाघाट और दक्षिण सिवनी में मध्यम स्तर की गरज चमक भी देखने को मिली. इस वही कई जिलों में 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं भी चली. इसके साथ ही पांढुर्णा, दक्षिण पूर्व बैतूल और दक्षिण मंडला या कान्हा क्षेत्र में हल्की गरज चमक की संभावना बनी रही. मौसम वैज्ञानिकों ने आगामी दिनों के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में आंधी तूफान और बारिश की चेतावनी जारी की है.

आने वाले समय में अनूपपुर, शहडोल, उमरिया और डिंडोरी जैसे पूर्वी जिलों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है. वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्तमान में सक्रिय मौसमी सिस्टम के कारण दक्षिण और पूर्वी मध्यप्रदेश के जिलों में मौसम का असर अधिक रहेगा. प्रशासन ने नागरिकों को बिजली चमकने के दौरान पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है. किसानों को भी अपनी कटी हुई फसल सुरक्षित स्थानों पर रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि अचानक होने वाली बारिश से नुकसान न हो.

# खरीफ फसलों की बोनी की तैयारी के लिए खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 7 मई।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ फसलों की बोनी की तैयारी हेतु प्रदेश में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान स्थिति में लगभग 6.40 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.57 लाख मेट्रिक टन डीएपी, 3.56 लाख मेट्रिक टन एनपीके इस प्रकार 5.13 लाख मेट्रिक टन डीएपी.एनपीके तथा 3.50 लाख मेट्रिक टन एसएसपी खाद उपलब्ध है। विषम वैश्विक परिस्थितियों के उपरांत भी भारत सरकार द्वारा प्रदेश में उर्वरकों की आपूर्ति निर्बाध तथा तय कार्यक्रम अनुसार निरंतर की जा रही है। प्रदेश में उक्त उपलब्ध खाद सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रवार, निजी दुकानवार ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध है।

किसान भाइयों से अनुरोध है कि आप अपनी आवश्यकतानुसार खाद अपनी सोसायटी / मन पसंद दुकान से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर अपने खाद को उठा सकते है। ई-विकास प्रणाली में राजस्व पट्टाधारी, वन पट्टाधारी, सिकमी किसान, शारीरिक रूप से अक्षम किसान, वृद्ध किसान, मृतक किसान के वारिसान को, धार्मिक संस्थान/ट्रस्ट, आदि की जमीन के लिए खाद उपलब्ध कराने हेतु सुविधा दी गयी है।

किसानों को खरीफकी फसलों की बोनी हेतु फसलो की अनुशंसित खाद की मात्रा अनुसार यूरिया, एसएसपी, एनपीके, डीएपी, पोटाश खाद की पूर्ण मात्रा को एक बार में ही उठा सकता है। यदि किसान चाहे तो पुनः पोर्टल पर प्रक्रिया का पालन कर अपनी मर्जी अनुसार खाद बुक कर अपनी सुविधानुसार उठा सकता है।



# दतिया महाविद्यालय में बनी मानव श्रृंखला

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 7 मई।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया में जल-गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर जल बचाने का संदेश दिया और जल संरक्षण की शपथ ली। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को पानी के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा भविष्य के लिए जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने संकल्प लिया कि वे पानी की बचत करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ जयश्री त्रिवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

**जल संरक्षण की दिलाई शपथ**

इको क्लब प्रभारी डॉ. चारू सिंह ने समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने की शपथ दिलाई। अभियान के अंतर्गत समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचाया जा सके।

कार्यक्रम के अंत में वनस्पति शास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक सुधीर कुमार पांडे ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सवारी डिब्बा कारखाना भोपाल ने 96 कोचों का अनुरक्षण किया

**भोपाल, 7 मई.** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल रेल कारखाने में कोचों का पीरियोडिक ओवरहॉलिंग कार्य निरंतर उत्कृष्टता के साथ किया जा रहा है. मुख्य कारखाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में अनुरक्षण डिपो ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम माह अप्रैल में 96 कोचों का सफलतापूर्वक पीरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) कर बेहतरीन प्रदर्शन किया है.

बता दें कि पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में पश्चिम मध्य रेल के सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 1336 कोचों का अनुरक्षण किया गया. वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी में भोपाल कारखाना प्रबंधन ने टीम भावना और सुनियोजित कार्ययोजना के साथ यह सफलता हासिल की. पीरियोडिक ओवर हॉलिंग के दौरान निम्नलिखित कार्य किए जाते हैं: कोचों की बॉडी और अंडरगियर की मरम्मत कर परिचालन में अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है. ट्रॉली, बोगी के सभी महत्वपूर्ण पार्ट्स की मरम्मत की जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं.